Ludhiana
Covid Update
New case - 9
Active case - 25
Home isolation -25

RNI No. PUNBIL/2014/59416
UTURN TIME
# यूटर्न टाईम
UTURNTIME.COM
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:103 | THURSDAY, DATE: 28-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

### ये वो शहर तो नहीं : पॉश इलाके में ही 'स्मार्ट-जुगाड़'

# सराभा नगर की दो कोठियों में चल रहे रेस्टोरेंट-बार, कायदे-कानून बने मखौल

## इलाका निवासी परेशान, ढाई साल से लगातार शिकायतें, जिनको सत्ताधारी नेता दबवाते रहे

लुधियाना/यूटर्न/28 अप्रैल। स्मार्ट-सिटी की दौड़ में शामिल इस महानगर में विकास-प्रोजेक्ट तो कारगर साबित नहीं हो रहे, लेकिन 'स्मार्ट-जुगाड़' पूरी तरह कामयाब हैं। इसकी सबसे बड़ी मिसाल स्मार्ट सिटी के लिए रोल-मॉडल बनाया शहर का पॉश एरिया सराभा नगर है। जिसके जे-ब्लॉक के मकान नंबर आठ और नौ में आयरन शैफ और द ड्राइंग रुम नाम से चल रहे दो रेस्टोरेंट हैं। रिहायशी इलाके में तमाम कायदे-कानून का मखौल उड़ाते दोनों रेस्टोरेंट में से एक के अंदर बार भी चलता है। इलाका निवासी यहां कई बार हंगामे से तंग आ चुके हैं। करीब ढाई साल से संबंधित विभागों से शिकायत के बावजूद इनका धंधा बदस्तूर जारी है। गौरतलब है कि जब ये दोनों रेस्टोरेंट रेसिडेंशियल-प्रोपर्टी यानि कोठियों में खुले थे, तब सूबे में कांग्रेसी सरकार थी। लिहाजा सत्ताधारी नेताओं के संरक्षण में चलने वाले इन रेस्टोरेंट के संचालकों के प्रति सभी महकमों ने जमकर दरियादिली दिखाई। खुलेआम नियमों का उल्लंघन किए जाने के मामले में साल 2019 में मोहल्ले वासी की ओर से कई बार शिकायतें मुख्यमंत्री तक भेजी गई थीं। शिकायत की कॉपी पीएम दफ्तर तक भेजी गई थीं। बताते हैं कि एक रेस्टोरेंट मालिक ने तो एक्साइज महकमे को नगर निगम के जाली दस्तावेज के जरिए बार-लाइसेंस लेने के लिए आवेदन तक किया था। हालांकि महकमे ने उस मामले की शिकायत मिलने के बावजूद आरोपी रेस्टोरेंट मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बजाए मामला ही दबा दिया था।



✔ इस मामले में मेरी ओर से आरटीआई डालने के अलावा मुख्यमंत्री तक शिकायत भी की गई थी। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।
*-राजेश गुप्ता, आरटीआई एक्टिविस्ट*

### 'लाजवाब' था पुलिस का जवाब

✔ इस मामले में आरटीआई एक्टिविस्ट राजेश गुप्ता ने पुलिस से यह जानकारी मांगी थी कि रिहायशी एरिया में कारोबारी गतिविधियों के साथ रेस्टोरेंट में बार संचालित होने से कानून-व्यवस्था प्रभावित होने के बावजूद इसके लिए एनओसी कैसे दी गई। पुलिस महकमे से हैरान करने वाला जवाब आरटीआई में मिला था कि रेस्टोरेंट मालिक ने लिखित रुप में दिया है कि उनसे संबंधित कोई भी जानकारी किसी को नहीं दी जाए। बार का लाइसेंस रद ! मोहल्ले वासी ने फिर से एक्साइज महकमे से रेस्टोरेंट मालिक को नगर निगम और पुलिस महकमे के जरिए मिली एनओसी दिए जाने संबंधी जानकारी मांगी थी। जिस पर एक्साइज महकमे ने करीब डेढ़ साल बाद इस बारे में आरटीआई का जवाब दिया। जिसमें बताया कि रेस्टोरेंट का बार-लाइसेंस रद किया जा चुका है। हालांकि निगम की एनओसी वाले जाली दस्तावेज को लेकर एक्साइज महकमे ने अपने स्तर से क्या कानूनी कार्रवाई की, इस पर एक्साइज महकमे ने भी हैरान करने वाला जवाब दिया कि उनके स्तर से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि एक्साइज महकमे ने यह भी माना कि उनको रेस्टोरेंट मालिक ने खुद निगम वाली एनओसी के दस्तावेज मुहैया कराए थे। बड़ा सवाल यह है कि अगर रेस्टोरेंट में डेली-बेस परमिशन पर भी बार चल रहा था तो वह भी एक्साइज महकमे को पता होगा।




### सब कुछ गोलमाल

✔ इस पेचीदा मामले में सबसे बड़े सवालिया घेरे में पुलिस महकमा है। जिसमें मोहल्ला निवासी की तरफ से मांगी जानकारी में पुलिस ने फिलहाल तक यह नहीं बताया कि रेस्टोरेंट मालिक को एनओसी किसने और कब जारी की। जबकि शिकायतकर्ता ने इस मामले में इसी साल फरवरी महीने में डिप्टी कमिश्नर को रिमाइंडर देकर सारी स्थिति बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। यह शिकायत भी कहीं फाइलों में दबी पड़ी है।

### नोटिस देकर भूला निगम

✔ जनवरी, 2020 में नगर निगम प्रशासन की ओर से दोनों रेस्टोरेंट मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे। जिसमें तीन दिन के दौरान रेस्टोरेंट खुद बंद करने के लिए मोहलत दी गई थी। सूत्रों की मानें तो तब ऐसे मामलों में अदालत में जवाबदेही के चलते निगम प्रशासन ने इन रेस्टोरेंट मालिकों को भी नोटिस थमाकर अपनी खाल बचा ली थी, फिर सब कुछ भुला दिया गया।

### 'दरियादिली' पीपीसीबी की

✔ पिछले महीने पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को भी इस मामले में शिकायत भेजी गई। उसके जवाब में पीपीसीबी ने बताया कि जांच में सब कुछ दुरुस्त मिला, लेकिन इसलिए शो-कॉज नोटिस रेस्टोरेंट मालिकों को जारी किया गया है कि बोर्ड की मंजूरी या एनओसी लिए बिना ही आखिर उनके प्रतिष्ठान भला कैसे चल रहे हैं। हालांकि, कुल मिलाकर पीपीसीबी ने भी आरोपियों के खिलाफ नरमी वाला हैरानीजनक रवैया दिखाया है।

# सराफा बाजार के पास ज्यूलरी ढलाई की दुकान में आग लगने से हड़कंप

## गैस-सिलेंडर व कैमिकल का इस्तेमाल तंग गलियों में आग बुझाना ही चुनौती

लुधियाना/यूटर्न/28 अप्रैल। शहर के चौड़ा बाजार से लगते तंग गलियों वाले बाजारों मं आगजनी की घटनाएं होने लगी हैं। वीरवार तड़के सराफा बाजार से थोड़ी दूर एक इमारत की तीसरी मंजिल पर ज्यूलरी ढलाई वाली दुकान में आग लग गई। जिसके चलते उसमें रखी मशीनें व अन्य सामान जलने से क्षतिग्रस्त हो गया। यह तो शुक्र रहा कि आग पर वक्त रहते काबू पाने से निचली दो मंजिलें सुरक्षित रहीं, वर्ना आसपास की इमारतें भी चपेट में आ सकती थीं। जानकारी के मुताबिक किसी ने तड़के इस इमारत की तीसरी मंजिल पर बनी दुकान से धुंआ निकलते देखकर उसके मालिक शंकर को सूचित किया। जबकि दूसरी तरफ सूचना पाते ही फायर ब्रिगेड भी टैंडर लेकर मौके पर पहुंच गई। जब तक आग पर काबू पाया गया, दुकान में पड़ा सारा माल जलकर क्षतिग्रस्त हो चुका था।

### कई बाजारों में विस्फोटक हालात



मुख्य चौड़ा बाजार में सड़क की ओर बनी मार्केट तो किसी हद तक सुरक्षित हैं, लेकिन तंग गलियों वाले बाजार हमेशा खतरे के मुहाने पर नजर आते हैं। मसलन, सराफा बाजार व उसके साथ ही ज्यूलरी ढलाई करने वालों की दुकानों में गैस सिलेंडर, कैमिकल का इस्तेमाल होता है। उस पर गलियों में बिजली के तारों का जाल फैला है, जिसमें शॉर्ट सर्किट का खतरा बना रहता है। इसी तरह, होजरी के गढ़ हिंदी बाजार, लालूमल स्ट्रीट के अलावा गुड़मंडी, तालाब बाजार, बिसाती बाजार, पिंडी स्ट्रेट समेत कई छोटी-बड़ी मार्केट हैं। हर मार्केट में रोजाना करोड़ों का कारोबार होता है और बेशकीमती सामान का स्टॉक रहता है। इन तंग गलियों वाले बाजारों में फायर ब्रिगेड के बड़े टेंडर आसानी से नहीं जा पाते हैं। कई मंजिला इमारतों पर चढ़ने के लिए ऊंची सीढ़ियों की जरुरत होती है। लुधियाना स्वर्णकार संघ के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुरेश गोगना और जसपिंदर सिंह कंड़वल भी मानते हैं कि सरकार को करोड़ों के टैक्स देने वाले इन पुराने बाजारों में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं। जबकि आगजनी से बचाव के जरुरी इंतजाम भी नहीं हैं।

### करप्शन अलग-अलग अंदाज में

इस महानगर में भी अलग-अलग अंदाज में करप्शन जारी है, भले ही पंजाब में बदलाव के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार कमोबेश बंद हो जाने के दावे कर रही है। ताजा मिसाल यही है कि स्मार्ट-सिटी का रोल-मॉडल इलाका घोषित सराभा नगर अलग किस्म के भ्रष्टाचार का गवाह है। जहां रेसिडेंशियल एरिया में तमाम कायदे-कानून छीके पर टांग रेस्टोरेंट और बार का संचालन जारी है। शिकायतें दर शिकायतें हुईं, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई, ऐसा इलजाम इलाके के लोगों का है। जाहिर है सरकारी बदली, मगर सरकारी महकमे वही हैं। उन तक ऐसे भ्रष्टाचार की शिकायतें पहुंचने के बावजूद अब तक कार्रवाई न होना सरकारी सिस्टम में अफसरशाही हावी होने का सबूत है। आप सरकार के बदलाव के दावे अगर सही हैं तो ऐसे मामलों में जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई होनी जरुरी है, वर्ना आम लोगों की नजर में इस सरकार भी पुरानी सरकारों जैसी ही इमेज बन जाएगी। ऐसी इमेज उनके भरोसे को बड़ी ठेस पहुंचाने के साथ ही आने वाले चुनावों में सत्ताधारियों के लिए खतरा भी बन सकती है।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

# तापमान 43 @ पावरकट न्यूनतम 2 घंटे

## आसमान से बरस रही 'आग' और बढ़ रहा बिजली-संकट

लुधियाना/यूटर्न/28 अप्रैल। अप्रैल महीना अलविदा होते-होते मौसम अपना पूरा कहर बरपा रहा है। वीरवार को महानगर और आसपास के इलाकों में शाम ढलते चार बजे तक भी तापमान 43 डिग्री बना था। काबिलेजिक्र है कि आज सुबह सूरज निकलते ही तीखी धूप से लोग बेचैन होना शुरु हो गए थे। दोपहर होने पर लोग बाहर के काम निपटा घरों-दफ्तरों की तरफ वापस कूच कर गए। ऐसे माहौल में सड़कों पर सन्नाटा सा पसरा दिखा। दोपहर की धूप इतनी तेज ऊपर से हवा के थपेड़े लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। दूसरी तरफ, थर्मल प्लांट कोयले के संकट की वजह से बंद होने के कारण बिजली उत्पाद प्रभावित है। नतीजतन पीएसपीसीएल ने 2 से लेकर 8 घंटे तक पावरकट लगाने शुरु कर दिए हैं। भीषण गर्मी के बीच पावरकट लगने से लोगों की मुसीबत दोगुनी हो चली है।



● मिली राहत : गर्मी से बेहाल लोगों को भारत नगर चौक में ठंडा पानी पिलाते समाजसेवी आरएस खालसा। *-फोटो: जसपाल सोनू*



● महानगर के वर्धमान रोड पर दोपहर बाद भी इक्का-दुक्का वाहन ही गुजरते नजर आए। *-फोटो: मुनीष वशिष्ठ*



प्रशासन की 'मेरी कलाम मेरी तक' नेक मुहिम

# जरूरतमंद बच्चों को एक लाख पेंसिल बांटी

## डीसी सुरभि मलिक ने रैडक्रॉस बाल भवन से शुरुआत की



लुधियाना / यूटर्न / 28 अप्रैल। जिला प्रशासन द्वारा 'मेरी कलाम मेरी ताकत' मुहिम के तहत विभिन्न अनाथालयों, झुग्गी बस्तियों आदि में जरूरतमंद बच्चों को लगभग एक लाख पेंसिलें वितरित की गई। इस मुहिम की शुरुआत डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक ने सराभा नगर में रैडक्रॉस के बाल भवन से की। बाद में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने विभिन्न अनाथालयों और मलिन बस्तियों का दौरा किया। जहां इन पैंसिलों को जरूरतमंदों को वितरित किया गया। इस दौरान डीसी सुरभि मलिक ने इस नेक मुहिम के लिए एडीसी (रुरल डेवलपमेंट) अमित कुमार पांचाल और असिस्टेंट कमिश्नर डॉ.हरजिंदर सिंह बेदी की भी सराहना की। उन्होंने इस नेक काम के लिए प्रसिद्ध पंजाबी कवि प्रोफेसर गुरभजन गिल, जगदीश पाल सिंह ग्रेवाल, सरपंच, ग्राम दाद और अन्य परोपकारी लोगों की भी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने इस संस्थान के छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी कठिनाइयों के बावजूद सकारात्मक रहने के लिए उन्हें प्रेरित किया। डॉ हरजिंदर सिंह बेदी ने कहा कि जल्द ही, जिला प्रशासन लुधियाना द्वारा इस तरह की और पहल शुरू की जाएगी। उन्होंने लुधियाना के सभी निवासियों से इस तरह के सामाजिक कार्यों के लिए आगे आने और तहे दिल से दान करने की भी अपील की।

उल्लेखनीय है कि 26 अप्रैल को इसी मुहिम के तहत जिला प्रशासन ने एक अनूठी पहल शुरू की। जिसके तहत यहां डीसी कार्यालय में 'डोनेशन कॉर्नर' स्थापित किया गया था। इस डोनेशन कॉर्नर में लोग जरूरतमंद बच्चों के लिए स्थिर वस्तुएं और खिलौने दान कर सकते हैं, जिन्हें आगे वितरित किया जाएगा। इस 'डोनेशन कॉर्नर' में एक 'स्टेशनरी एटीएम' और 'टॉयज़ बैंक' शामिल हैं।

ये 'स्टेशनरी एटीएम'स्लम के बच्चों, पुनर्वास केंद्र में रहने वालों और जरूरतमंद बच्चों की जरूरतों को पूरा करेगा। लोग पेंसिल, शार्पनर, इरेज़र, पेन, रंग, नोटबुक, रजिस्टर, खाली कागज, बच्चों की किताबें आदि दान कर सकते हैं। हुनर हट लुधियाना द्वारा सभी वस्तुओं को एकत्र और साफ किया जाएगा और आगे स्लम क्षेत्र के बच्चों, अनाथालयों, सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों आदि को दान कर दिया जाएगा। जबकि 'टॉयज बैंक' में लोग अपने बच्चों या पोते-पोतियों के खिलौने दान कर सकते हैं। ताकि हुनर हट द्वारा मरम्मत के बाद उन्हें आंगनबाड़ियों, स्लम के बच्चों, अनाथालयों के बच्चों और अन्य जरूरतमंद बच्चों को दान दिया जा सके। इस मुहिम के दौरान जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बलबीर एरी भी उपस्थित थे।

# स्थापना दिवस समारोह के लेकर भक्तों में उत्साहः अमन जैन



लुधियाना / यूटर्न / 28 अप्रैल। लुधियाना सिद्व पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर जोशी नगर शंकराचार्य नगर(हैबोवाल कलाँ) के 18 वें वार्षिक स्थापना दिवस के अवसर पर गणमान्यों को दिए जा रहे है। जिनमें मुख्य रूप से किशन लाल, केशव गर्ग, उषा गर्ग,बलवंत राय, उधम सिंह, नवल जैन, भारती सोनी, सीए भारत गुप्ता, अश्वनी भाटिया, बिंदु भाटिया,यश पाल गोयल, ए के सोनी,हैप्पी बुद्धिराजा, राम लाल अरोड़ा, जिला महिला प्रधान कांग्रेस कमेटी मनीषा कपूर, मोना, विक्की करियाना, अमित कुमार, प्रशोत्म करियाना, अरविन्द टिल्लू, रेखी करियाना, योगराज, नवीश, पुरषार्थी, केशव गर्ग, उषा गर्ग, बांसल परिवार, सुदेश गुप्ता, सौरव जिंदल, कवात्रा परिवार आदि को भाव सहित मंदिर प्रधान अमन जैन, सेवक अनुज मदान, सौरव जैन, अरविन्द तीलू, संदीप पब्बी, द्वारा भाव सहित निमंत्रण दिए गए।

# एसटीएफ ने लगाया ट्रैप, नशा तस्कर फायरिंग कर भागा, फजीहत के बाद पुलिस ने मारी रेड

## बड़ा सवाल, पुलिस के पास थी पुख्ता जानकारी फिर कैसे पड़ गया अकेला तस्कर उन पर भारी



लुधियाना / यूटर्न / 28 अप्रैल। खूंखार-शातिर अपराधियों को दबोचने के लिए बनी पंजाब पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स को ही एक नशा तस्कर गच्चा देकर भाग निकला। इतना ही नहीं उसने पहले पुलिस की गाड़ी पर फायर झोंका तो एसटीएफ के जवान हड़बड़ाकर संभले और जवाबी फायरिंग भी की, लेकिन 'शिकार' हाथ से निकल गया।

बाद में फजीहत से बचने को पुलिस उसकी तलाश में रेड करती रही। यह चर्चित मामला धांदरा रोड पर बुधवार देर शाम का है, रात तक भारी पुलिस फोर्स इलाके में डटी रहने से अनजान लोग किसी बड़े हादसे की आशंका से खौफजदा रहे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एसटीएफ ने गुरु अर्जुन देव नगर के अपराधी दीपक कुमार को दबोचने के लिए ट्रैप लगाया था। दीपक वहां से फार्चूनर कार में सवार होकर गुजरा भी, लेकिन नाके पर नहीं रुका। एसटीएफ को यह भरोसा रहा होगा कि नशा तस्करी करने वाला वो शख्स डरकर नाके पर रुकेगा तो उसे पहचान कर दबोच लेंगे। यहां गौरतलब है कि दीपक पर एसटीएफ ने चिट्टा रखने और बेचने के आरोप में केस दर्ज कर रखा था। उसके बसंत एवेन्यू से गुजरने की मुखबिर से सूचना मिलने पर वहां पुलिस ने जाल बिछाया। जब पुलिस को यह पता था कि वह नशा तस्कर है और कार से आ रहा है तो जाहिर तौर पर उसके निकल भागने का भी पूरा खतरा था।

# सीटी यूनिवर्सिटी द्वारा 'सीटी यूनिवर्सिटी पार्लियामेंट-मॉडल लोकसभा' आयोजित



लुधियाना / यूटर्न / 28 अप्रैल। स्कूल ऑफ लॉ, सीटी यूनिवर्सिटी द्वारा करवाए गए 'इंटर स्कूल सीटी यूथ पार्लियामेंट-मॉडल लोकसभा में यूनिवर्सिटी के विभिन्न स्कूलों के 69 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 पर बहस की और अपने विचार रखे। इस सत्र का संचालन अतिथि वक्ता चिरागदीप सिंह ने किया, विश्वास वैद और इशिका देसोई ने उनका साथ दिया। सभी प्रतिनिधियों ने बड़े उत्साह के साथ सत्र में भाग लिया और ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 की सभी पेचीदगियों और कमियों पर उत्साहपूर्वक चर्चा की। सभी प्रतिनिधियों में से मिमी चक्रवर्ती के पोर्टफोलियो का प्रतिनिधित्व करने वाली चेतना धीमान को सर्वश्रेष्ठ सांसद और अधिरंजन चौधरी के पोर्टफोलियो का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रियंका को सर्वश्रेष्ठ संसदीय उपविजेता चुना गया।

# संवेदनशील मुद्दों पर डीसी सुरभि मलिक से मिले विधायक भोला



लुधियाना/यूटर्न/28 अप्रैल। निर्वाचन क्षेत्र लुधियाना विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला) ने आज जिला लुधियाना से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर उपायुक्त सुरभि मलिक से चर्चा की। उपायुक्त ने भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसका खुलासा करते हुए विधायक भोला ने कहा कि बैठक के दौरान उन्होंने उपायुक्त श्रीमती सुरभि मलिक के संज्ञान में लाया कि सरकारी कार्यालयों में आम जनता को शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बिजली मीटर और रजिस्ट्रियों के लिए एनओसी लगा दी गई है। लोगों को दफ्तरों में धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पटवारखानों में भी जनसुनवाई नहीं हो रही है। विधायक ने उपायुक्त से टिब्बा रोड पर कूड़े के ढेर का उचित समाधान खोजने की भी अपील की, जहां कल एक पूरे प्रवासी परिवार को जला दिया गया था। उन्होंने उन्हें बुद्ध नाला से संबंधित विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने उपायुक्त के समक्ष विकास संबंधी कई अन्य मुद्दे भी उठाए।

# टल गया बड़ा हादसा



लुधियाना/यूटर्न/28 अप्रैल। वीरवार को यहां भारत नगर चौक के पास स्थित गुरु नानकदेव भवन और पंजाबी भवन को जाने वाली साइड-रोड पर बड़ा हादसा होते बचा। पंजाबी भवन स्थित शिक्षा विभाग के बुक-डिपो में जा रहा किताबों से लदा ट्रक वहां मिट्टी धंसने से पलटते बचा। संयोग से तब कोई छोटा वाहन उसके आसपास से नहीं गुजर रहा था। इसके साथ सर्विस रोड पर जारी कंस्ट्रक्शन के कारण खोदी सड़क मिट्टी डालकर ढंकी गई थी, जो लोडेड ट्रक से धंस गई।

PRIME LAND
ON GT ROAD
LUDHIANA (PUNJAB)
FOR SALE!!

| | |
|---|---|
| Size | 800 Sq.Yards |
| Price | Rs. 40K Per Yard (Negotiable) |
| Location | Adjoining Military Camp, Opp Gulzar Maruti |

M: 97800 23248

# श्री दुर्गा माता मंदिर का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न



लुधियाना / यूटर्न / 28 अप्रैल। श्री दुर्गा माता मंदिर जगराओं पुल का 72वां स्थापना दिवस समारोह मंदिर प्रांगण में धूमधाम से संपन्न हो गया। सर्वप्रथम पंडित हरिमोहन शर्मा, पंडित गिरधारी लाल ने पूजा अर्चना कर सबके लिए सुख व शांति मांगी। इस दौरान ट्रस्टियों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली। सायं सत्र में मां की चौकी का आयोजन किया गया। इसमें डा. राजेश यूनिवर्स यमुना नगर वालों सहित दविदर भारद्वाज ने महामाई का गुणगान कर उपस्थिति का समां बांधा। सीनियर वाइस चेयरमैन वरिदर मित्तल, महासचिव बीके गोयल, सचिव अश्वनी जैन की अगुवाई में आए शहर के गणमान्यों व राजेश यूनिवर्स यमुना नगर वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीनियर वाइस चेयरमैन वरिदर मित्तल, महासचिव बीके गोयल, संजय गोयल, अश्वनी जैन, केके अरोड़ा, बलवीर गुप्ता, कुलभूषण बांसल, अनिल भारती, जगदीश राज शर्मा आदि शामिल थे।

## जन्मदिन मुबारक



अनिल मल्होत्रा



संजीव ढंडा



पंकज शारदा



कवलदीप डंग

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# डीएमसीएच कैंसर केयर सेंटर ने पंजाब की पहली एडवांस्ड रेडियोथेरेपी मशीन वेरिअन हैलिसन ई की शुरुआत की







लुधियाना / यूटर्न / 28 अप्रैल। डीएमसीएच कैंसर केयर सेंटर, लुधियाना ने अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट के सहयोग से पंजाब क्षेत्र की पहली एडवांस्ड रेडियोथेरेपी मशीन वेरियन हैलिसन ई का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री गुरप्रीत बस्सी (गोगी), विधायक लुधियाना (वेस्ट) श्री सुनील कांत मुंजाल, अध्यक्ष, डीएमसीएच, श्री प्रेम कुमार गुप्ता, सचिव, डीएमसीएच, डॉ संदीप पुरी, प्रिंसिपल, डीएमसीएच, डॉ. जी एस वांडर, वाइस प्रिंसिपल, डीएमसीएच, डॉ. विजय वेमुरी, ग्रुप सीओओ साउथ एशिया , सीटीएसआई और डॉ. नीरज बिश्नोई, रीजनल सीओओ, एओआई के साथ उपस्थित थे। वेरियन हैलिसन ई को रेडियोथेरेपी में क्रांति लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि डॉक्टर कैंसर देखभाल में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकें।

यह प्रणाली अत्यधिक सूक्ष्मता और सटीकता के साथ लक्ष्य निर्धारित करके कैंसर की बीमारी का इलाज करती है, जो स्टैंडर्ड टेक्नोलॉजी की तुलना में चार गुना तेज गति से होती है। यह प्रमुख नाड़ी तंत्र विकृतियों वाले रोगियों के लिए क्रैनियोस्पाइनल इरेडिएशन (सीएसआई) जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों को और सरल बनाता है। यह सुविधा 17 सेकंड के भीतर कोन-बीम सीटी इमेजिंग जैसी इमेज-गाइडेड रेडियोथेरेपी को ऑप्टिमाइज़ करती है और इलाज की प्रक्रिया को तेज करने में मदद करती है। डीएमसीएच के सचिव प्रेम कुमार गुप्ता ने कहा, "डीएमसीएच कैंसर केयर सेंटर रोगियों के लाभ के लिए इलाज के लगभग हर पहलू को सरल बनाने के लिए एडवांस्ड टेक्नोलॉजी उपलब्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। कैंसर विश्व भर में मौत का दूसरा प्रमुख कारण है। हम बढ़िया और तुरंत परिणाम देने वाले इलाज का लक्ष्य रखते हैं और सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा को उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास करते हैं। इसी उद्देश्य के साथ काम करते हुए, हमने डीएमसीएच कैंसर केयर सेंटर में दूसरी एडवांस्ड रेडियोथेरेपी वेरियन हैलिसन ई प्रणाली की शुरुआत की है। डॉ. संदीप पुरी, प्रिंसिपल, डीएमसीएच ने कहा, "डीएमसीएच कैंसर केयर सेंटर में सबसे एडवांस्ड रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी, वेरियन हैलिसन ई को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी और प्रसन्नता हो रही है। पंजाब में 2018-2020 के मध्य इस क्षेत्र में कैंसर के सबसे अधिक अनुमानित मामले दर्ज किए गए।

नई तकनीक और अत्याधुनिक सुविधा के साथ, हम पंजाब राज्य में कैंसर रोगियों के लिए स्क्रीनिंग और उपचार में तेजी लाएंगे। यह सुविधा हमें उच्च गुणवत्ता वाले उपचार देने में और मदद करेगी जो हमें कई और रोगियों की देखभाल करने में सक्षम बनाती है। डीएमसीएच के वाइस प्रिंसिपल डॉ जी एस वांडर ने कहा, अत्याधुनिक उपचार मुहैया कराने और मेडिकल टेक्नोलॉजी में प्रगति लाने के पीछे का उद्देश्य रोगी को अधिकाधिक लाभ पहुँचाना है। इसी के अनुरूप, हमें पंजाब क्षेत्र के कैंसर रोगियों के लाभ के लिए अपने कैंसर केयर सेंटर डीएमसीएच में वेरियन हैलिसन ई सिस्टम लाने की पहलकदमी पर गर्व है। हम अपने सभी प्रयासों में इनोवेशन और क्वालिटी से ओत -प्रोत परिणाम देने का प्रयास करते हैं। सीटीएसआई साउथ एशिया के ग्रुप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डॉ. विजय कुमार वेमुरी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, AOI विभिन्न क्षेत्रों में सबसे पसंदीदा कैंसर केयर अस्पताल के रूप में उभरा है।

दुनिया की नवीनतम चिकित्सा तकनीक से लैस, एओआई कैंसर देखभाल के लिए सर्वश्रेष्ठ है। अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट मरीजों को बढ़िया इन-क्लास क्लिनिकल एक्सपर्टीस, तकनीकी श्रेष्ठता और शानदार सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए डॉ संध्या सूद, एचओडी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, AOI ने कहा, "कैंसर की बीमारी रोगियों और उनके परिवारों के लिए भारी हो सकती है। इस टेक्नोलॉजी सिस्टम में नवीनता के साथ, AOI का लक्ष्य रोगी को अधिक आराम देना है। यह सिस्टम अन्य पुरानी तकनीकों की तुलना में 2x शांत है।

यह रोगियों के इलाज के दौरान डॉक्टर के साथ इंटीग्रेटेड साउंड सिस्टम की मदद से आसानी से बातचीत करने का अवसर भी प्रदान करता है। वेरियन हैलिसन ई के फायदों के बारे में बोलते हुए, AOI के रीजनल सीओओ, डॉ नीरज बिश्नोई ने कहा, " हैलिसन ई सिस्टम को सटीक इमेज-गाइडेड, वॉल्यूमेट्रिक, इंटेंसिटी-मॉड्यूलेटेड रेडिएशन थेरेपी (आईएमआरटी) देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह स्टैण्डर्ड तकनीक की तुलना में चार गुना तेज है यानी, 15 सेकंड से भी कम समय में चित्र प्राप्त किये जा सकते हैं, और उपचार लगभग दो मिनट में शुरू किया जा सकता है, मेज पर समय कम कर सकता है, और ट्रीटमेंट प्लान को डिलीवर करने के लिए ऑप्टिमाइज़ कर सकता है। इस तकनीक ने कैंसर के उपचार में क्रांति ला दी है और कैंसर रोगियों के जीवन स्तर और जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है।

# ओमैक्स को वर्दे पार्टनर्स से 440 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली

OMAXE
Turning dreams into reality

लुधियाना / यूटर्न / 28 अप्रैल। ओमैक्स, भारत की अग्रणी रियल एस्टेट विकास कंपनियों में से एक, ने आज कहा कि उसने एक प्रमुख वैश्विक वैकल्पिक निवेश फर्म वर्दे पार्टनर्स से 440 करोड़ रुपये की फंडिंग हासिल की है। कंपनी ने कहा कि वह अपनी परियोजनाओं के निर्माण और वितरण में तेजी लाने के साथ-साथ कंपनी के विस्तार के लिए फंड का इस्तेमाल करेगी। ओमैक्स ग्रुप न्यू चंडीगढ़, लखनऊ, लुधियाना, इंदौर और फरीदाबाद में इंटीग्रेटेड टाउनशिप विकसित कर रहा है। यह इस वित्तीय वर्ष में डिलीवरी के लिए दिल्ली के चांदनी चौक में उत्तरी दिल्ली नगर निगम के साथ पीपीपी मॉडल में एक बहुस्तरीय पार्किंग कम कमर्शियल प्रोजेक्ट भी विकसित कर रहा है। ग्रुप ने अब तक लगभग 127.89 मिलियन वर्ग फुट (दिसंबर 2021 तक) रियल एस्टेट और कंस्ट्रक्शन कांट्रेक्टिंग के तहत तैयार कर ग्राहकों को सौंपा है।इस नए घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए, अतुल बंसल, डायरेक्टर फाइनेंस, ओमैक्स लिमिटेड ने कहा कि पिछले तीन दशकों में, ओमैक्स ने मजबूत बुनियादी बातों और वित्तीय अनुशासन, गुणवत्ता निर्माण, लगातार वितरण और निवेश पर एक स्वस्थ रिटर्न के आधार पर घर खरीदारों, निवेशकों और वित्तीय संस्थानों के बीच एक प्रतिष्ठा बनाई है। इसके साथ ही कंपनी ने निवेश पर एक बेहतर रिटर्न प्रदान करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। हम नए जमाने और विश्व स्तरीय हाउसिंग, कमर्शियल और रिटेल स्पेसेज को विकसित करने के लिए हमारे विकास को बढ़ावा देने वाले शहरों में निवेश को आगे बढ़ाएंगे। हम वर्दे के साथ केवल यह एक लेन-देन नहीं कर रहे हैं, बल्कि परियोजनाओं में दीर्घकालिक साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

# 'एनएसई के पूर्व अधिकारी जमा करें 2 करोड़, वर्ना संपत्ति होगी जब्त'

मुंबई / यूटर्न / 28 अप्रैल। बाजार नियामक सेबी ने एनएसई के पूर्व समूह परिचालन अधिकारी आनंद सुब्रमण्यन को स्टॉक एक्सचेंज में कामकाजी खामियों से जुड़े एक मामले में मंगलवार को नोटिस भेजकर 2.05 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इस नोटिस में कहा है कि 15 दिनों के भीतर भुगतान करने में विफल रहने पर सुब्रमण्यन की संपत्ति के साथ-साथ बैंक खातों की जब्ती एवं कुर्की की जाएगी। सेबी ने यह नोटिस तब भेजा है जब सुब्रमण्यन अपने ऊपर लगाए गए जुर्माने की भरपाई करने में नाकाम रहे हैं। सेबी ने एनएसई के पूर्व प्रमुखों चित्रा रामकृष्ण एवं रवि नारायण के अलावा कुछ अन्य लोगों पर सुब्रमण्यन को मुख्य रणनीतिक सलाहकार के रूप में नियुक्त करने और फिर समूह संचालन अधिकारी बनाने के मामले में गड़बड़ियां करने के आरोप लगाए हैं।

# आईसीआईसीआई बैंक ने लॉन्च किया देश का पहला कॉम्प्रिहेंसिव ओपन-फॉर-ऑल डिजिटल इकोसिस्टम




नई दिल्ली / यूटर्न / 28 अप्रैल। आईसीआईसीआई बैंक ने अन्य बैंकों के ग्राहकों सहित देश में सभी माइक्रो, स्मॉल और मीडियम उद्यमों के लिए व्यापक डिजिटल इकोसिस्टम लॉन्च किया है। यह देश का पहला व्यापक डिजिटल इकोसिस्टम है, जो सभी के लिए है। आईसीआईसीआई बैंक ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। बैंक बताया कि इसमें दूसरे बैंकों के ग्राहकों को भी सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जबकि आम तौर पर बैंक केवल अपने ग्राहकों को ही सेवाएं उपलब्ध कराते हैं।

बैंक के ऐप 'इंस्टाबिज़' के नए संस्करण को डाउनलोड करते हुए कोई भी व्यक्ति आईसीआईसीआई बैंक के डिजिटल समाधानों का लाभ उठा सकता है। व्यवसायों के लिए एक सुपर ऐप 'इंस्टाबिज़' को गूगल प्लेस्टोर या एपल ऐप स्टोर अथवा बैंक के कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग (सीआईबी) प्लेटफॉर्म से डाउनलोड किया जा सकता है। आईसीआईसीआई बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनूप बागची ने कहा, एमएसएमई को भी एक ऐसे प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है, जो उनकी सभी आवश्यकताओं को पूरा करता हो। इसके अलावा, हम मानते हैं कि हमारे उत्पादों और सेवाओं का लाभ केवल हमारे ग्राहकों तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, जो दूसरों के साथ बैंकिंग करते हैं, उनके पास भी उन्हें अनुभव करने का विकल्प होना चाहिए।अनूप बागची ने कहा, ₹इसी विजन के आधार पर, हमने लगभग छह करोड़ एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए मूल्य वर्धित पेशकशों के साथ बैंकिंग सेवाओं को जोड़ते हुए एक व्यापक डिजिटल सिस्टम लॉन्च किया है।

# कैसे रितेश प्रापर्टीज व इंडस्ट्री के शेयरों में निवेश कर बनें करोड़पति

RPIL Ritesh Properties & Industries Ltd

नई दिल्ली / यूटर्न / 28 अप्रैल। कभी कंगाली के दौर में पहुंच चुकी रितेश प्रापर्टीज एंड इंडस्ट्रीज के शेयरों की कोविड के दौरान भी दो सालों में 4041 प्रतिशत की ग्रोथ का समाचार वीरवार को आम जनता में चर्चा का विषय रहा। लोगों में चर्चा रही कि कोई भी व्यक्ति किस प्रकार केवल आरपीआईएल के शेयर खरीद करोड़पति बन सकता है। जबकि इस दौरान देश की नामी कंपनियों के शेयरों ने भी इतना कमाल नहीं किया। यही कारण है कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा एमपी संजीव अरोड़ा की कंपनी रितेश प्रॉपर्टी आम जनता में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों में चर्चा है कि शेयरों की परफार्मेंस को आंकड़ों में आंके तो 28 मई 2020 को कंपनी के शेयरों में 1.50 लाख रूपये निवेश करने वाले शेयर धारक 1 दिसबंर 2021 को 1 करोड़ रूपये की रिटर्न मिलता है। क्योंकि 27 मई 2020 को कंपनी का जो शेयर केवल 7.75 रूपये पर बिक रहा था। वही शेयर 27 दिसंबर 2021 को 535 रूपये में बिका जबकि वर्तमान समय 28 मई 2022 को यह शेयर 572 शेयरों की ट्रेडिंग के साथ 364 पर बंद हुआ। हैरानी जनक बात यह है कि इस दौर में सेबी भी इस सब से अंजान बनी हुई है और इस तरह की कंपनियों की ग्रोथ युवा वर्ग के कम समय में करोड़पति बनने के सपनों को साकार करने में सूत्रधार बनती हैं।

# अब कोका-कोला को खरीदूंगा: एलन मस्क

नवीन गोगना




नई दिल्ली / यूटर्न / 28 अप्रैल। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर खरीदने के बाद, टेस्ला सीईओ एलन मस्क का एक और ट्वीट चर्चा का विषय बना हुआ है। एलन मस्क ने आज अपने ट्वीट से सबको चौंका दिया है। दरअसल,टेस्ला सीईओ मस्क ने बताया है कि जल्द ही वो कोका-कोला ख़रीदने जा रहे हैं ताकि इसमें दोबारा 'कोकेन मिला सकें। हालांकि एलन मस्क के इस ट्वीट से कुछ भी स्पष्ट नहीं है। दरअसल, ट्विटर खरीदने के बाद से एलन मस्क सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं। वे एक के बाद एक कई ट्वीट कर रहे हैं। गुरुवार को अगली बार कोका कोला खरीदने की बात कही है। उन्होंने ट्वीट किया, अब अगला मैं कोका कोला खरीदने जा रहा हूं, ताकि उसमें कोकीन डाल सकूं। इसके कुछ देर बाद ही मस्क ने एक और ट्वीट किया। इसमें उन्होंने अपने ही ट्विटर हैंडल से किए एक ट्वीट के स्क्रीनशॉट को शेयर किया है, जिसमें लिखा है, अब मैं मैकडॉनल्ड्स ख़रीदने वाला हूँ और सभी आईसक्रीम मशीनों को ठीक करूंगा।

स्क्रीनशॉट के साथ मस्क ने लिखा है, सुनिए, मैं चमत्कार नहीं कर सकता ठीक है। एलन मस्क ने ट्विटर को हाल ही में खरीदने का ऐलान किया था। उन्होंने माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट को खरीदने के लिए 44 बिलियन डॉलर (लगभग 3368 अरब रुपये) खर्च किए। उनके पास पहले से ही ट्विटर में 9% की हिस्सेदारी मौजूद थी। वे ट्विटर के सबसे बड़े शेयर होल्डर थे। ताजा डील के बाद उनके पास कंपनी की 100% हिस्सेदारी हो गई है और ट्विटर उनकी प्राइवेट कंपनी बन गई है। ट्विटर को खरीदने के बाद ऐलन मस्क ने कहा था, फ्री स्पीच किसी भी डेमोक्रेसी के काम करने के लिए काफी जरूरी है। ट्विटर एक डिजिटल टाउन स्क्वायर है जहां पर मानवता के भविष्य पर चर्चा होती है।

उन्होंने आगे बताया गया कि वो ट्विटर को और भी बेहतर नए फीचर्स के साथ बनाना चाहते हैं। उन्होंने ट्वीट में ये भी लिखा है कि वो इसके अल्गोरिदम को ओपन सोर्स रखकर विश्वास को बढ़ाना चाहते हैं।

# सराभा लेडीज क्लब की ओर से मुगल थीम पर इवेंट आयोजित














लुधियाना/यूटर्न/28 अप्रैल। लुधियाना के सराभा लेडीज क्लब की ओर से मुगल थीम पर इवेंट आयोजित किया। इसमें कई क्लब मेंबर्स गरारा और शरारा पहरावे में दिखीं तो किसी ने अनारकली सूट पहना। इवेंट की शुरूआत तंबोला से हुई। इसके बाद डांस कोरियोग्राफर बिदिया सूद ने वेलकम गीत प्रस्तुत किया। क्लब मेंबर्स ने कवाली थीम पेशकश की। उसके बाद शाहजहां और मुमताज का रोल पेश किया। इवेंट के जरिए एक ही संदेश दिया गया कि सभी को प्यार से रहना चाहिए। इस बीच दिखाया गया कि वर्तमान में रिश्तों में स्वार्थ आने लगा है। पुराने समय और असल मायने में जो रिश्तों का महत्व होता है, वह खत्म होता जा रहा है जिसमें प्यार का संदेश देते हुए मेंबर्स ने यह प्रस्तुति पेश की है। *-फोटो: विशाल ढल्ल*

### रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा प्रबंध कड़े

## पंजाब में आतंकी हमलों की धमकी के बाद जीआरपी, आरपीएफ, पंजाब पुलिस चौकस

लुधियाना/यूटर्न/28 अप्रैल। पंजाब में आतंकी हमलों की धमकी के बाद लुधियाना रेलवे स्टेशन पर भी विशेष चौकसी बरती जा रही है। जीआरपी और आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन से लेकर ट्रेनों की चैकिंग का अभियान चलाया तो पंजाब पुलिस रेलवे स्टेशन के बाहर फ्लैग-मार्च निकाला। रेलवे स्टेशन पर चैकिंग दस्तों की कमान थाना जीआरपी के प्रभारी जसकरण सिंह और डीएसपी बलराम राणा ने संभाली। जबकि



लुधियाना पुलिस के पीसीआर दस्तों की अगुवाई उसके इंचार्ज सौदागर अली ने की। रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर दिन-रात चल रहे जांच अभियान की वजह से आमतौर पर यहां घूमने वाले शक्की किस्म के लोग व नशेड़ी अब गायब हो गए हैं।

### चंदर नगर इलाकावासियों में दहशत का माहौल

## इलाके में छीनाझपटी व गुंडागर्दी की घटनाओं से लोग परेशान

लुधियाना / यूटर्न / 28 अप्रैल। लुधियाना पुलिस लाख दावे करे की वह लोगों की हिफाजत के लिए हमेशा तत्पर हैं मगर जमीनी हकीकत कुछ ओर ही बयां करती है। पुलीस थाना हैबोवाल के अधीन आती चौकी जगतपुरी के अधीन पडते इलाका चंदर नगर बड़ी पुली से छोटी पुली की ओर टावर लाईन के निचे जाते मार्ग पर पिछले कई दिनों से कुछ वाहरी ईलाको के हुल्लड़बाज वाईक सवारों द्वारा की जा रही हुल्लड़बाजी ओर छीनाझपटी की घटनाओं ने इलाका निवासियों का जीना मुश्किल



किया हुया है। इलाका निवासीयो द्वारा जगतपुरी चोंकी को सुचित करने के बावजूद चौकी कर्मचारियों की ओर से कोई एक्शन नही लिया गया। जिस्से परेशान ईलाका निवासीयो की ओर से एक पत्र



समुह मुहल्ला निवासियों के द स त ख त करवा जिला पुलीस के मध्यम डी सी पी सिमरतपाल सिंह ढिडंसा को मिलकर दिया। जिन्होने तुरन्त अस्माजिक तत्वो विरूध एकशन लेने का आशवासन ईलाका निवासियों को दिया। मगर आज दो दिन होने को है चौकी जगतपुरी पुलीस की ओर से कोई कारवाई नही की गई।

जबकि चंदर नगर बडी पुली से छोटी पुली की ओर अन्दरूनी रोड जब शुरू होता ही है रोड के दोनो तरख पान की दुकानें होने के कारण शाम के समय वहा पर ताश खेलने वालों का मेला लग जाता है और शाम के समय वहा से लेडिज का निकलना मुश्किल हो जाता है। जब कोई चोंकी जगतपुरी में कॉल भी करता है तो चौकी वालों के पहुंचने से पहले ही सभी वहा से रफूचक्कर हो जाते हैं।

## सतलुज क्लब में एमपी संजीव अरोड़ा सहित पूर्व जनरल सेक्रटरियों का सम्मान





लुधियाना/ यूटर्न / 28 अप्रैल। सतलुज क्लब में एमपी संजीव अरोड़ा सहित पूर्व जनरल सेक्रटरियों का सम्मान किया गया। जिनमें मुख्य रूप से परमजीत सिंह बल. प्रीतपाल सिंह पाली, एसएमएस भल्ला, जीवन धवन, अजीत सिंह चावला, सुनील जैन, युवराज दादा, जीएस लाडी, संजीव अरोड़ा, योगेश बंसल, रोहित दत्ता, रुचि बावा, गुरविंदर सिंह कैरों शामिल थे। समारोह के दौरान संजीव अरोड़ा को क्लब की वर्तमान टीम द्वारा सम्मान चिह्न भी भेंट किया गया। अरोड़ा ने कहा कि वह अपने शहर व राज्य की इंडस्ट्री की आवाज को बुलंद करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी राज्यसभा मेंबर बनने के बारे में नहीं सोचा था। भगवान ने उन्हें जो सम्मान दिलाया है वह इसका अपने राज्य की प्रगति के लिए इस्तेमाल करेंगे। क्लब के महासचिव संजीव ढांडा ने कहा कि राज्यसभा एम बनने के बाद संजीव अरोड़ा पहली बार उनके क्लब में पहुंचे हैं। उन्हें आशा है कि अरोड़ा अपनी जिम्मेवारी को सही ढंग से निभाएंगे।

*-फोटो: विशाल ढल्ल*

## डीसी से मिला पीपीएफ का शिष्टमंडल



लुधियाना / यूटर्न / 28 अप्रैल। पुलिस पब्लिक फाउंडेशन (पीपीएफ) कशिश मंडल डीसी सुरभि मलिक से मिला। जिसमें एस सी रल्हन, मृदुला जैन, समीरा बैक्टर व नीरज सतीजा शामिल रहे। मीटिंग के दौरान पदाधिकारियों ने नवनियुक्त डीसी से शहर की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। वहीं कोविड के दिनों में संस्था द्वारा प्रशासन को दिये गये योगदान की जानकारी दी।

# Heartiest Congratulations
to
# Mr. Upkar Singh Ahuja



### Past Presidents of CICU

| SN | Name |
|---|---|
| 1 | Sh. Prem Nath Gupta |
| 2 | Sh. Brij Mohan Lall |
| 3 | Sh. Ved Parkash Chopra |
| 4 | Sh. Mohinder Singh Bhogal |
| 5 | Sh. J.L. Raheja |

### Past Presidents of CICU

| SN | Name |
|---|---|
| 6 | Sh. Mohinder Singh Bhogal |
| 7 | Sh. P.D. Sharma |
| 8 | Sh. Inderjit Singh Pradhan |
| 9 | Sh. Avtar Singh |
| 10 | Sh. Upkar Singh Ahuja |

on Being 3rd Time Unanimously Elected as President of

## Chamber of Industrial & Commercial Undertakings (CICU)

वर्ष 1958 में पंजाब की इंडस्ट्री व ट्रेड की आवाज बनकर उभरी चेंबर आफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग (सीआईसीयू) की उपकार सिंह अहूजा ने 10वें प्रधान स्वरूप कमान संभालते हुए संस्था को एक नई दिशा व दशा दी है। वर्ष 2017 में प्रधान पद की कमान संभालने के बाद उपकार अहूजा सर्वसम्मति से लगातार तीसरी बार प्रधान मनोनीत हुए। पिछली दो पारियों में प्रधान पद पर रहते हुए जहां उपकार अहूजा ने अपने कुशल नेतृत्व व दूर दृष्टि से संस्था में कई प्रकार की नई एक्टिविटीज को बढ़ाया वहीं उनके द्वारा बनाया यंग बिजनेस फोरम भी अपने आप में एक प्रसंशनीय कदम है। अहूजा अपनी तीसरी पारी में लुधियाना की इंडस्ट्री के लिए सेंटर फार मैन्युफैक्चरिंग एक्सीलेंस प्रोग्राम की कल्पना करते हैं। जिसके तहत तैयार डिजिटल लैब, ट्रेनिंग सेंटर व स्किल्ड मैनपावर की मदद से छोटी–छोटी इकाइयां हाईक्वालिटी उत्पाद बनाते हुए घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी ब्रांड पावर को बढ़ाएंगे। अहूजा ने पहले भी गिल रोड स्थित संस्था कार्यालय में एनएबीएल से मान्य कैलिब्रेशन सेंटर स्थापित करवाया ताकि टाइनी यूनिट भी क्वालिटी उत्पाद का निर्माण कर सकें। वर्तमान समय में सीआईसीयू देश की मात्र ऐसी संस्था है जिसे एमएसएमई सेक्टर द्वारा बीएमओ सेवाओं के लिए प्रथम पुरस्कार मिला है। वहीं पंजाब में एक एकमात्र ऐसी संस्था है जो क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया स्टैंडर्ड मान्यता रखती है।



Sanjeev Pahwa
RALCO TYRES
RALSON (INDIA) LTD.

GANGA™
Acrowools


Ramesh Maggo
WEALTH VAULT RESEARCH & ANALYTICS PVT LTD


Avtar Bhogal
M.S. BHOGAL & SONS


Rajnish Ahuja
RAJNISH INDUSTRIES PVT. LTD.


Rajesh Mongia
MINAR
R.N. CYCLES
MINAR CYCLE INDUSTRIES
REX INDUSTRIAL CORPORATION


Charanjit Singh
VISHWAKARMA INDUSTRIES
SS PRODUCTS OF INDIA


Pankaj Sharma
General Secretary (CICU)
OSHA TOOLS PVT. LTD.


Gurcharan Singh
GEMCO
G.S. MANKOO & CO.
GIANSON INDUSTRIES


Tejvinder Singh
Big-Ben


Manjinder Sachdeva
KM CYCLE PARTS
KS. MUNJAL INDUSTRIES


Harsimerjit Singh
LUCKY EXPORTS


Mukesh Airi
AIRI INTERNATIONAL


Beant Pal Singh
ADVANCE PLASTIC INDUSTRIES


Rupak Sood
PARTAP BIKES

An initiative by **U-TURN TIME MARKETING TEAM: 99882-20063**

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA
वीरवार 28 अप्रैल 2022

## खबर जरा हटके

# पुदुचेरी घूमने जाएं तो इन जगहों पर जाना न भूलें

पुदुचेरी जिसे पहले पांडिचेरी के नाम से भी जाना जाता था, भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित है और पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। यह एक ऐसा शहर है, जहां पर करीबन 300 वर्षों तक फ्रांसीसी अधिकार रहा और यही कारण है कि यहां पर आज भी फ्रांसीसी संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। तमिलनाडु राज्य में पुदुचेरी एक बेहद ही खूबसूरत शहर है और हर साल लाखों सैलानी इस शहर में घूमने के लिए आते हैं। तो चलिए आज हम आपको पुदुचेरी शहर में घूमने की कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बता रहे हैं-

**पुदुचेरी संग्रहालय**

पुदुचेरी संग्रहालय में आपको यहां की फ्रांसीसी जड़ों और बेहद पुराने इतिहासों को ट्रेस करने का मौका मिलेगा। एरिकामेडु रोमन बस्ती के पुरातत्व संबंधी निष्कर्षों से लेकर, चोल और पल्लव राजवंशों तक, यहाँ इतिहास के विभिन्न युग संरक्षित हैं। संग्रहालय में पत्थर की नक्काशीदार मूर्तियां, भारतीय देवताओं और देवताओं की कांस्य मूर्तियां, प्राचीन पेड़ों की जीवाश्मदार चट्टी, परिवहन के साधनों के मॉडल, पीतल के मंदिर के लैंप, चर्च के अवशेष, हस्तशिल्प, सिक्के, गोले और जीवाश्म हैं।

**कालियालय सर्फ स्कूल**

भारत में प्रीमियम सर्फिंग स्कूलों में से एक, कल्लियाय सर्फ स्कूल पांडिचेरी में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। इस सर्फ स्कूल की शुरुआत स्पेन के दो भाइयों, जुआन और समई रिबॉउल ने की थी, जो ऑरोविले में बस गए थे। यहां पर आप अपनी रुचि, बजट और आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न प्रकार के पैकेज और प्रशिक्षण से चुन सकते हैं।

**सरेनटी बीच**

सरेनटी बीच, अपने नाम की तरह अपने सभी आगंतुकों को शांति प्रदान करता है। बंगाल की खाड़ी में यह एक रिलैक्सिंग स्पॉट है और शहर से 12 किमी दूर पुदुचेरी में घूमने लायक जगहों में से एक है। चट्टानों के एक निशान के साथ गर्म सुनहरी रेत, जो समुद्र के किनारे तक जाती है, आपको एक अजीब सा आनंद देती है।

**मनाकुला विनयगर मंदिर**

पुदुचेरी बस स्टेशन से 3 किमी की दूरी पर, मनाकुला विनयगर मंदिर भगवान गणेश को समर्पित प्रसिद्ध प्राचीन मंदिरों में से एक है और पुदुचेरी में एक लोकप्रिय तीर्थ स्थल है।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# जनाधार विहीन नेताओं को पद से हटाकर ही मजबूत हो सकती है कांग्रेस

पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस में ग्रुप-23 के असंतुष्ट नेताओं द्वारा उठे विरोध के स्वर को दबाने के लिए कांग्रेस पार्टी अगले माह राजस्थान के उदयपुर में तीन दिवसीय चिंतन शिविर लगाने जा रही है। जिसमें देश भर से पार्टी के 400 बड़े नेता एक जगह बैठ कर पार्टी के गिरते जनाधार को रोकने व आगे होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत की संभावना को लेकर चिंतन मनन करेंगे। इस चिंतन शिविर के माध्यम से कांग्रेस पार्टी भविष्य के लिए एक रोडमैप भी तय करेगी। जिसके सहारे आगे बढ़कर पार्टी अपना जनाधार एक बार फिर से बढ़ा सके।राजनीतिक दलों को सलाह देने वाले पेशेवर सलाहकार प्रशांत किशोर ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक कार्य योजना सुझायी है। जिसके माध्यम से कांग्रेस का जनाधार मजबूत हो सकता है। सोनिया गांधी से प्रशांत किशोर की चर्चा के दौरान पार्टी के बड़े नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य कई पदाधिकारी मौजूद थे।

चिंतन शिविर के माध्यम से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी प्रशांत किशोर के प्लान पर भी चर्चा करवा कर उसको पारित करवाएंगी ताकि भविष्य में प्रशांत किशोर का प्लान यदि फेल हो जाता है तो भी पार्टी अध्यक्ष पर अंगुली नहीं उठ पाए। इससे पूर्व प्रशांत किशोर 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में राहुल गांधी के साथ काम कर चुके हैं। उस दौरान उनकी सलाह पर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा जगह-जगह खाट सभाओं का आयोजन करवाया गया था। जिस पर पार्टी का करोड़ों रुपया खर्च हो गया था। मगर परिणाम में पार्टी 403 में से मात्र 7 सीटों पर ही जीत पाई थी। उसके बाद प्रशांत किशोर राहुल गांधी से अलग हो गए थे। आज कांग्रेस पार्टी के समक्ष सबसे बड़ी समस्या अपने गिरते जनाधार को रोकने की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे। उस समय कांग्रेस पार्टी की देश के एक दर्जन से अधिक प्रदेशों में सरकार चल रही थी। मगर धीरे-धीरे करके प्रदेशों में चुनाव हारने के चलते आज कांग्रेस पार्टी की सिर्फ राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ही सरकार बची है। महाराष्ट्र व झारखंड में कांग्रेस पार्टी एक सहयोगी के रूप में सरकार में शामिल है। पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी कुछ विशेष नहीं कर पाई। पंजाब जहां चुनाव से पहले कांग्रेस की सरकार चल रही थी। वहां भी पार्टी चुनाव हार कर एक चौथाई सीटों पर ही सिमट गई। पंजाब में पार्टी अपने ही बड़े नेताओं की कलह की शिकार हो गई। चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को पद से हटाना पार्टी को भारी पड़ गया। कैप्टन के स्थान पर मुख्यमंत्री बनाए गए चरणजीत सिंह चन्नी दोनो विधानसभा सीटों से व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू अमृतसर पूर्व विधानसभा सीट से चुनाव हार गए। पार्टी के अधिकांश बड़े नेता चुनाव नहीं जीत पाए थे। चुनाव के बाद पार्टी ने विधायक दल का नेता व प्रदेश अध्यक्ष पद पर नए लोगों को बैठा दिय। उसके उपरांत भी पार्टी में खींचतान वैसे ही चल रही है। उत्तराखंड में मुख्यमंत्री के दावेदार हरीश रावत इस बार फिर चुनाव हार गए। वहां कांग्रेस मात्र 19 सीटें ही जीत सकी है। पार्टी में नए प्रदेश अध्यक्ष व विधायक दल के नेता के मनोनयन के बाद तो आपसी कलह खुलकर सड़कों पर आ गई है। कई विधायकों ने पार्टी छोड़ने तक की धमकी दे दी है। पंजाब में कांग्रेस की लुटिया डुबोने में सबसे बड़ा हाथ हरीश रावत का रहा था। उन्होंने ही उत्तराखंड में भी कांग्रेस का सफाया करवा दिया। उत्तराखंड में भाजपा ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर एक इतिहास रचा है। जबकि कांग्रेस को सबसे अधिक आस उत्तराखंड में ही सरकार बनाने की थी। मगर पार्टी नेताओं की आपसी कलह के चलते कांग्रेस ने अवसर गंवा दिया था। गोवा और मणिपुर में भी कांग्रेस कुछ खास नहीं कर पाई। गोवा में कांग्रेस को 11 सीटें मिलीं वहीं मणिपुर में तो कांग्रेस की सीटों की संख्या 28 से घटकर 5 रह गई।



पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी कुछ विशेष नहीं कर पाई। पंजाब जहां चुनाव से पहले कांग्रेस की सरकार चल रही थी। वहां भी पार्टी चुनाव हार कर एक चौथाई सीटों पर ही सिमट गई। पंजाब में पार्टी अपने ही बड़े नेताओं की कलह की शिकार हो गई। चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को पद से हटाना पार्टी को भारी पड़ गया। कैप्टन के स्थान पर मुख्यमंत्री बनाए गए चरणजीत सिंह चन्नी दोनो विधानसभा सीटों से व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू अमृतसर पूर्व विधानसभा सीट से चुनाव हार गए। पार्टी के अधिकांश बड़े नेता चुनाव नहीं जीत पाए थे।

उत्तर प्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े प्रांत में कांग्रेस महज 2 सीटें ही जीत पाई। कांग्रेस पार्टी में तीसरे नंबर की बड़ी नेता व महासचिव प्रियंका गांधी राजनीति में सक्रिय होने के बाद अपना पूरा फोकस उत्तर प्रदेश पर ही लगा रखा था। पहले उनके साथ महासचिव के रूप में ज्योतिरादित्य सिंधिया आधे उत्तर प्रदेश के प्रभारी थे। मगर सिंधिया के पार्टी छोड़ने के बाद उत्तर प्रदेश का पूरा प्रभार प्रियंका गांधी के पास ही था। उनके साथ सचिवों व बड़े नेताओं की बड़ी टीम काम कर रही थी। पिछले 3 साल से प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश के गांव-गांव में जाकर लोगों से मिल रही थी। प्रियंका गांधी की सक्रियता के चलते पार्टी को उम्मीद बंधी थी कि इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बेहतर स्थिति में रहेगी।

मगर चुनावी नतीजों ने पार्टी की आशाओं को धराशायी कर दिया। 2017 में जहां कांग्रेस के पास 7 विधानसभा सीटें थीं। उसकी तुलना में इस बार कांग्रेस महज 2 सीटों पर ही सिमट कर रह गई। 397 सीटों पर सीटों पर चुनाव लड़ कर महज 2 सीटें जीतना पार्टी के लिए किसी सदमे से कम नहीं था। इतना ही नहीं पार्टी के वोट प्रतिशत भी घटकर 2.33 प्रतिशत रह गया है। प्रियंका गांधी के नेतृत्व में ही कांग्रेस ने 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा था। जिसमें कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी अपनी परंपरागत अमेठी सीट से भाजपा की नेता स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे। अब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास एक रायबरेली की लोकसभा सीट व दो विधानसभा सीटें रह गई हैं।

# मुरुमुरु बटर से करें अपने रूखे-बेजान बालों की देखभाल

हर किसी की चाहत होती है कि उसके बाल लंबे और घने हों। लेकिन आजकल की बदलती जीवनशैली, खानपान की आदतों, बढ़ते प्रदूषण और धूल-मिट्टी के कारण बालों की तमाम समस्याएँ होने लगती हैं। आज के समय में हर कोई बालों की किसी ना किसी समस्या से जूझ रहा है। ऐसे में लोग तरह-तरह के हेयर केयर ट्रीटमेंट्स और प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इनमें मौजूद केमिकल्स से बालों को नुकसान पहुँचता है। ऐसे में आप अपने बालों में मुरुमुरु बटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे नट फैट से बनाया जाता है जो कि पाम ट्री पर पाया जाता है।



**हेयर कंडीशनर**

मुरुमुरु बटर एक नैचुरल हेयर कंडीशनर है। इसमें मौजूद पोषक तत्व बालों को पोषण देते हैं। इसके इस्तेमाल से बालों का रूखापन और फ्रिजीनेस कम होता है और डैमेज बाल ठीक होते हैं।

**चमकदार बाल**

अगर आपके बाल बेजान हैं तो मुरुमुरु बटर का इस्तेमाल आपके बालों में नई जान डाल सकता है। मुरुमुरु बटर का इस्तेमाल करने से बालों को नई शाइन मिलती है। यह बालों को अंदर तक पोषण और नमी देता है। इससे बाल टूटने से बचते हैं।

**फ्रिजी बालों से छुटकारा**

अगर आप फ्रिजी बालों की समस्या से परेशान हैं तो मुरुमुरु बटर का इस्तेमाल करें। इसमें लॉरिक एसिड पाया जाता है जो बालों को क्यूटिकल्स तक जाकर हाइड्रेटेड और मजबूत बनाता है। इसके इस्तेमाल से बाल सॉफ्ट और शाइनी बनते हैं।

**कैसे करें मुरुमुरु बटर का इस्तेमाल?**

मुरुमुरु बटर का इस्तेमाल आप रात के समय गीले बालों में कर सकते हैं। इसे गीले बालों में रातभर हेयर पैक की तरह लगा कर रखें। सुबह उठकर शैंपू से बालों को धो लें। आप चाहें तो नहाने से पहले भी बालों में मुरुमुरु बटर लगा सकते हैं। इसके बाद नॉर्मल शैंपू से बालों को धो लें। इसके इस्तेमाल से आपके बाल हेल्दी और शाइनी बनेंगे।

# सिंधु एशियाई चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में, ताइवानी खिलाड़ी को हराया

नई दिल्ली / यूटर्नः डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। महिला सिंगल्स के पहले राउंड में चौथी सीड सिंधु ने ताइवान की पाई यू पो को तीन गेम में 18-21, 27-25, 21-9 से हराया। दोनों खिलाड़ियों के बीच एक घंटे 17 मिनट तक मुकाबला चला। सिंधु और पाई यू पो पांचवीं बार आमने-सामने हुई थीं। सिंधु ने चौथी बार जीत हासिल की। अब सिंधु का सामना सिंगापुर की जसल्यन हुई से होगा। वहीं, साइना नेहवाल ने पहले राउंड में दक्षिण कोरिया की सिम यूजिन को 21-15, 17-21, 21-13 से हराया। अब उनका सामना चीन की वांग झीयी से होगा। वहीं, पांचवी सीड लक्ष्य सेन को पहले राउंड में हार झेलनी पड़ी। भारत के लक्ष्य को चीन के ली शी फेंग ने 12-21, 21-10, 21-19 से हराया।



विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता लक्ष्य चीन के गैरवरीय ली शी फेंग के खिलाफ उलटफेर का शिकार हो गए। भारतीय खिलाड़ी को पुरुष एकल के 56 मिनट तक चले मुकाबले में फेंग के खिलाफ 21-12 10-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी प्रणीत को भी पहले दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ सीधे गेम में 17-21 13-21 से हार मिली। इसके अलावा, किदांबी श्रीकांत ने मलेशिया के टीजे योंग एनजी को सीधे गेम में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। श्रीकांत ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 22-20 21-15 से हराया। वह अगले दौर में चीन के क्वालीफायर वेंग होंग येंग से भिड़ेंगे। आकर्षि कश्यप भी महिला एकल में जापान की शीर्ष वरीय अकाने यामागुची के खिलाफ 15-21 9-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। अश्विनी भट के और शिखा गौतम और सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर की महिला युगल जोड़ी भी सीधे गेम में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। अश्विनी और शिखा को अना चिंग यिक चियोंग और तियोह मेइ शिंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 19-21 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिमरन और रितिका को पियरी टेन और मुरलीथरन थिन्नाह की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी के खिलाफ 15-21 11-21 से हार झेलनी पड़ी।

## मलाइका ने देसी लुक से जीता फैंस का दिल



बॉलीवुड डीवा मलाइका अरोड़ा आए दिनों सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। फैंस उन्हें उनके फैशन सेंस के लिए पहचानते हैं। वहीं वेडिंग सीजन शरू हो गया है और ऐसे मौके पर मलाइका के लहंगे को देखने के लिए फैंस उनके कलेक्शन को स्क्रॉल कर रहे हैं। इस बार ग्लैमर के साथ ट्रेडिशन को फॉलो करतीं मलाइका इंडियन वियर में छाई हुई हैं। मलाइका ने साबित कर दिया है कि उम्र उनके लिए सिर्फ एक नंबर है और उनकी खूबसूरती इसकी मोहताज नहीं है। मलाइका अरोड़ा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे पीच कलर के लहंगे में खूबसूरत अदाएं बिखेरती नजर आ रही हैं। पीच कलर के हैवी लहंगे में मलाइका ने चोकर नेकपीस कैरी किया है, जूड़े में गजरा और अपने एलिगेंट स्टाइल के साथ एक्ट्रेस किसी क्वीन सी नजर आ रही हैं। अदाओं और नजाकत से भरी उनकी वॉक उनके लाखों फैंस को दीवाना बनाने के लिए काफी है। महज चंद मिनटों में इस वीडियो पर हजारों लाइक्स आ गए हैं। मलाइका के इस वीडियो पर एक्ट्रेस मान्या पाठक ने लिखा, 'आप इतनी खूबसूरत क्यों हैं'। वहीं फैंस भी जमकर मलाइका के इस ट्रेडिशनल लुक की तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'अब्सोलुटेली गॉर्जियस'।

## पार्टी करती दिखीं भूमि पेडनेकर



भूमि पेडनेकर बॉलीवुड का टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में से एक हैं। आयुष्मान खुराना के साथ दम लगा के हईशा में अपने पहले एक्टिंग से उन्होंने फैंस का दिल जीत लिया। भूमि ने अपने अभिनय के अलावा, हाल ही में काफी स्टाइल से खुद को दिवा के रूप में पहचान बनाई है। सोशल मीडिया पर उनकी फोटो अक्सर फैंस का ध्यान खींचती रहती हैं। वहीं अब इंस्टाग्राम पर भूमि की एक अनदेखी फोटो वायरल हो रही है, जिसमें वह एक दोस्त के साथ पार्टी करती नजर आ रही हैं। फोटो में भूमि को अपनी दोस्त के साथ पार्टी करते और डांस करते देखा जा सकता है। इस मौके पर भूमि का काफी स्टाइलिस ड्रेस में नजर आ रही हैं। भूमि ने एक पर्पल ब्रालेट पहना है, जिसे उन्होंने हाई-वेस्टेड ब्लैक लेदर पैंट के साथ स्टाइल किया है। उन्होंने फॉक्स-स्लीक हेयर स्टाइल किया है और अपने एक बालों को मिडिल पार्टिंग के साथ खुला रखा है। भूमि ने अपने लुक को फ्लेश्ड गालों और ग्लॉसी होठों के साथ आकर्षक मेकअप के साथ पूरा किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस को हाल ही में राजकुमार राव के साथ फिल्म बधाई दो में देखा गया। उनके पास अब पाइपलाइन में पांच प्रोजेक्ट्स हैं, भूमि इन दिनों अर्जुन कपूर के साथ द लेडी किलर की शूटिंग कर रही हैं। इसके अलावा उनके पास राजकुमार के साथ अनुभव सिन्हा की भीड है। भूमि अक्षय कुमार की रक्षा बंधन, गोविंदा नाम मेरा और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ अफवाह नामक एक थ्रिलर में भी दिखाई देंगी।



## कैटरीना ने शेयर की बीच फोटो

कैटरीना कैफ का नाम बॉलीवुड की उन खूबसूरत एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार है जो अपनी ब्यूटी और टैलेंट से किसी को भी दीवाना बना सकती हैं। ऐथनिक लुक हो या वेस्टर्न, कैटरीना अपने हर लुक में गॉर्जियस लगती हैं। खास तौर पर अगर कैटरीना के बीच लुक की बात की जाए तो एक्ट्रेस का किसी से कोई मुकाबला नहीं है। एक बार फिर कैटरीना का बीच लुक सोशल मीडिया की सुर्खियां बटोर रहा है। कैटरीना की दिलकश अदाएं, गजब की खूबसूरती और भीगी हुई ज़ुल्फ़ें फैंस के होश उड़ा रही हैं। हाल ही में कैटरीना कैफ ने अपने ऑफिशियल इंस्टा हैंडल पर अपने लेटेस्ट बीच लुक की तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं। इन तस्वीरों में कैटरीना की खूबसूरती देखकर आपके लिए भी उनके चेहरे से नजरें हटाना मुश्किल हो जाएगा। ब्लू कलर के क्रॉप टॉप विद प्लंजिंग नेकलाइन और मल्टीकलर्ड फ्लोरल बॉटम पहने हुए इस तस्वीर में कैटरीना बेहद ग्लैमरस नज़र आ रही हैं।



## ऐश्वर्या की फिल्म अमेजन प्राइम ने 125 करोड़ रुपये में खरीदी

ऐश्वर्या राय की बहुप्रतीक्षित तमिल एपिक ऐतिहासिक फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' इस साल सितंबर में बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है, हालांकि बाद में फिल्म को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी दिखाया जाएगा। फिल्म के डिजिटल अधिकारों को अमेजॉन प्राइम वीडियो ने पा लिया है, इसके लिए बड़ी रकम चुकाई गई है। एक्शन-एडवेंचर 'पोन्नियिन सेलवन' के भाग 1 और भाग 2 के लिए स्ट्रीमिंग अधिकार अमेज़न प्राइम को रिकॉर्ड 125 करोड़ में मिले हैं। इस तरह फिल्म के राइट्स रिकॉर्ड कीमत में बिके हैं। नेशनल फिल्म अवॉर्ड विजेता फिल्म निर्माता मणिरत्नम की बहुप्रतीक्षित फिल्म पोन्नियिन सेलवन लेखक-कार्यकर्ता कल्कि कृष्णमूर्ति के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है, यह फिल्म महान भारतीय राजाओं में से एक राजा राजा चोल की काल्पनिक कहानी बताएगी।

खुद बोलती तस्वीर





कोलकाता की आर्टिस्ट प्रोमिता घोषाल की वाटर-कलर पेंटिंग...

## पुलवामा में अल-बद्र के 2 आतंकी ढेर

श्रीनगर / यूटर्नः जम्मू-कश्मीर में आतंक के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चलाते हुए सुरक्षाबलों ने अल-बद्र के 2 आतंकियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। पुलिस ने बताया कि देर रात पुलवामा में आतंकियों के खिलाफ एनकाउंटर शुरू हुआ, जिसमें दोनों आतंकी मारे गए हैं। एनकाउंटर में एक जवान भी घायल हुआ है। इस साल अब तक 62 आतंकी एनकाउंटर में मारे गए हैं। पुलिस के मुताबिक पुलवामा के मित्रिगम इलाके में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। इस पर सुरक्षाबलों ने पुलिस के साथ मिलकर ऑपरेशन शुरू किया। आतंकियों की पहचान एजाज हफीज और शाहिद अय्यूब के रूप में हुई है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घटनास्थल से 2 AK-47 भी बरामद की हैं। जम्मू-



कश्मीर पुलिस के IGP विजय कुमार ने बताया कि आतंक के खिलाफ पुलिस और सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। पिछले 4 महीने में 62 आतंकवादी मारे गए हैं। इनमें लश्कर के 39 आतंकवादी, जैश के 15, हिजबुल के 6 और अल-बद्र के 2 थे। मारे गए कुल 62 आतंकवादियों में से 47 स्थानीय और 15 विदेशी आतंकवादी थे।

अप्रैल में चौथा बड़ा एनकाउंटर

सुरक्षाबलों और पुलिस का संयुक्त रूप से अप्रैल में यह चौथा बड़ा एनकाउंटर है। 4 अप्रैल को अनंतनाग और कुलगाम में एक साथ ऑपरेशन चलाया गया था, जिसमें लश्कर का टॉप कमांडर निसार डार समेत एक अन्य आतंकी मारा गया था। वहीं 11 अप्रैल को शोपियां में एक एनकाउंटर के दौरान 2 आतंकियों को ढेर किया गया था, जबकि 14 अप्रैल को शोपियां जिले के बडीगाम इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में 4 आतंकी मारे गए थे।

पुलिस के मुताबिक साल 2021 में 182 आतंकियों को एनकाउंटर के दौरान मार गिराया गया था। वहीं संसद में एक सवाल के जवाब में सरकार ने बताया था कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जनवरी 2022 तक 439 आतंकवादियों को मारा गया। जम्मू-कश्मीर से अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाया गया था।

## पायलट की सोनिया को दो टूक- राजस्थान सीएम नहीं बदला तो पंजाब जैसा हाल होगा

नई दिल्ली / यूटर्नः राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कांग्रेस हाईकमान को चेतावनी दी है। पायलट ने कहा है कि राजस्थान में जल्द मुख्यमंत्री बदला जाए, नहीं तो पंजाब जैसा हाल होगा। राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार चल रही है। सचिन पायलट ने पिछले दिनों सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात में कहा कि अगर कांग्रेस को राजस्थान में वापसी करनी है, तो मुख्यमंत्री बदलना होगा। पायलट ने आगे कहा कि यह काम तुरंत हो, वरना पंजाब जैसा हाल होगा।



सचिन पायलट सोनिया गांधी से अप्रैल में 3 मुलाकात कर चुके हैं। पायलट ने 21 अप्रैल को मुलाकात के बाद कहा- 'दो साल पहले AICC की बनाई कमेटी ने कई कदम उठाए हैं, उसी दिशा में आगे काम करना है। राज्य में 2023 में होने वाले चुनाव में सरकार बनाना लक्ष्य है। मेरी भूमिका पर हाईकमान को फैसला करना है। सोनिया गांधी से सचिन पायलट के मुलाकात के बाद अशोक गहलोत ने बड़ा बयान दिया था। गहलोत ने एक कार्यक्रम में कहा था, 'मैं जब से मुख्यमंत्री बना हूं, तब से अपना परमानेंट इस्तीफा सोनिया गांधी के पास रख दिया है। जब मुख्यमंत्री बदलना होगा, तो किसी को कानों-कान खबर नहीं होगी। 2020 में सचिन पायलट अशोक गहलोत के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 18 विधायकों के साथ गुरुग्राम के एक रिसॉर्ट में चले गए थे।

## अखिलेश विदेश भागने की फिराक में: मायावती

लखनऊ / यूटर्नः पूर्व मुख्यमंत्री और BSP की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेन्स की। मायावती ने निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश यादव विदेश भागने की फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि आज मुस्लिमों की दुर्दशा के लिए अखिलेश यादव ही जिम्मेदार हैं। मायावती ने दावा किया कि आने वाले वक्त में यूपी में दलितों-मुस्लिमों-पिछड़ों के साथ से BSP की सरकार बनेगी। BSP सुप्रीमो ने कहा कि सपा के नेता मुझे राष्ट्रपति बनाने का सपना देख रहे हैं, क्योंकि इससे उनका (अखिलेश यादव का) CM बनने का रास्ता साफ हो जाएगा। सपा वाले ये भूल जाएं। मैं पीएम और यूपी का फिर से CM



बनने का सपना देख सकती हूं, लेकिन राष्ट्रपति बनने का सपना नहीं देखती। मायावती ने कहा, "यूपी में मुस्लिम और कमजोर वर्ग पर हो रहे जुल्म के लिए सपा प्रमुख जिम्मेदार हैं। सपा के लोग अभी भी अफवाह फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। अब तो घिनौनी राजनीति बंद करनी चाहिए। मायावती के निर्देश पर BSP के महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा और रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह ने सीएम योगी से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बसपा शासनकाल में बने स्मारकों-पार्कों के रखरखाव की व्यवस्था करने का निवेदन किया।

## पुतिन ने दी परमाणु हमले की धमकी

मॉस्को। यूक्रेन युद्ध के दो महीने गुजरने के बाद भी युद्ध की तपिश कम नहीं हो रही है, बल्कि दुनिया पर परमाणु हमले का संकट गहराता जा रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने इशारों में पश्चिमी देशों को परमाणु हमले की धमकी दी है। पुतिन का इशारा इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल सरमट की तरफ था। बुधवार को सेंट पीटर्सबर्ग में रूसी सांसदों को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा- बाहर (यूक्रेन में) जो हो रहा है अगर कोई उसमें दखलअंदाजी करने का इरादा रखता है, तो उन्हें पता होना चाहिए ये रूस इसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा। जो कोई भी रूस को धमकी देगा उसे हम बिजली की तेजी से और



घातक तरीके से जवाब देंगे। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा- हमारे पास इसके लिए सभी जरूरी हथियार हैं। हमारे पास ऐसे हथियार भी हैं जिन पर कोई और घमंड नहीं कर सकता। हम उनके बारे में शेखी नहीं बघारना चाहते, लेकिन हम उनका इस्तेमाल करेंगे। यूक्रेन के मामले में दखलअंदाजी करने वाले देश अगर हमें धमकी देते हैं तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से भी हिचकिचाएगा नहीं। पुतिन ने सीधे तौर पर तो परमाणु हथियारों का जिक्र नहीं किया, लेकिन उसका इशारा नई सरमट 2 परमाणु मिसाइल की तरफ था।

## भारत को किसी से सलाह की जरूरत नहीं है: एस जयशंकर

नई दिल्ली / यूटर्नः विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में चल रहे रायसीना डायलॉग में कहा कि भारत अपनी शर्तों पर दुनिया से रिश्ते निभाएगा। इसमें भारत को किसी की सलाह की जरूरत नहीं है। जयशंकर ने कहा कि दुनिया को खुश रखने की जगह हमें इस आधार पर दुनिया से संबंध बनाने चाहिए कि हम कौन हैं। वह दौर बीत गया कि दुनिया हमारे बारे में बताए और हम दुनिया से इजाजत लें। विदेश मंत्री ने कहा कि अगले 25 सालों में भारत ग्लोबलाइजेशन का सेंटर होगा। जब हम 75 सालों को पीछे मुड़कर देखते हैं तो सिर्फ बीते हुए 75 साल नहीं देखते, बल्कि वो 25 साल भी देखते हैं जो आने वाले हैं। हमने क्या पाया और किस चीज में हम नाकाम



रहे? एक चीज जो हम दुनिया को बताने में कामयाब रहे वो ये कि भारत लोकतांत्रिक देश है। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर एस जयशंकर ने कहा कि युद्ध रोकने का सबसे आसान और प्रभावी तरीका यही है कि दोनों देश बातचीत की टेबल पर आ जाएं। रूस के साथ व्यापार को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि अपील जैसे आर्डर को अब एशिया में चुनौती मिलने लगी है। उन्होंने कहा कि रूस के साथ व्यापार को लेकर हमें यूरोप से सलाह मिली कि हम रूस के साथ और व्यापार न करें। कम से कम हम किसी को सलाह देने नहीं जाते। जयशंकर ने आगे कहा कि यूरोप ने पहले के वक्त में चीन की वजह से पैदा हुए खतरों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। यूरोप उस वक्त भी लापरवाही दिखा रहा था, जब बीजिंग एशिया को धमकी दे रहा था। इसके साथ ही उन्होंने चीन के साथ सीमा विवाद पर कहा यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां अभी तक सीमाएं तय नहीं है।

## कोर्ट ने पद्म अवॉर्डी मायाधर राउत को घर खाली करने का दिया आदेश

### ▶ अफसरों ने से बदसलूकी कर सामान फेंका

नई दिल्ली / यूटर्नः पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित ओडिसी नृत्य गुरु मायाधर राउत को संपदा निदेशालय उनके घर से बेदखल कर दिया। मायाधर को दक्षिण दिल्ली के एशियन खेलगांव में सरकारी आवास आवंटित किया गया था। मंगलवार से मायाधर सहित बाकी कलाकारों की बेदखली की कार्यवाही शुरू की, जिनका आवंटन 2014 में रद्द कर दिया गया था। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने 2020 में कलाकारों से घर खाली करने के लिए नोटिस जारी किया था। जिसके बाद बिरजू महाराज सहित कई कलाकारों ने अदालत का रुख





किया था। संस्कृति मंत्रालय की सिफारिश पर 1970 के दशक में कलाकारों को बेहद कम किराए पर 3 साल के कॉन्ट्रैक्ट बेस पर घर आवंटित किए गए थे। जिसे हर 3 साल बाद लगातार बढ़ाया जा रहा था। 2014 के बाद इसे नहीं बढ़ाया गया। जिसके चलते कलाकारों पर घर खाली करने का दबाव बढ़ता जा रहा था। एशियाड खेल गांव में रहने वाले इन कलाकारों को 31 दिसंबर, 2020 का समय सीमा दिया गया था। कैबिनेट कमेटी ने 27 कलाकारों से 2014 के बाद भी घरों में रहने के लिए कुल 32.09 करोड़ का किराया माफ करने का फैसला लिया और उन्हें 31 दिसंबर तक घर खाली करने का समय दिया।

### दिल्ली हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली

संपदा निदेशालय के एक अधिकारी के मुताबिक कलाकारों से घर खाली करवाने की कार्रवाई जारी रहेगी क्योंकि कोर्ट ने बुधवार को कलाकारों को राहत नहीं दी है। अधिकारी ने कहा कि जिन 28 कलाकारों को मकान आवंटित किए गए थे, उनमें से 17 नोटिस मिलने के बाद चले गए थे। अगले एक हफ्ते में बाकियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि बाकी बचे कलाकारों ने 2 मई तक घर खाली करने का लिखित आश्वासन दिया है।

### इन कलाकारों को भी खाली करना होगा घर

खेलगांव में रहने वाले 12 कलाकारों को भी घर खाली करने का आदेश दिया गया है। जिनमें मोहिनीअट्टम नर्तक भारती शिवाजी, कुचिपुड़ी नर्तक गुरु वी जयराम राव, ध्रुपद गायक उस्ताद एफ वसीफुद्दीन डागर, रानी सिंघल, कथक विशेषज्ञ गीतांजलि लाल, लिथोग्राफर केआर सुबन्ना, सारंगी वादक कमल साबरी, देवराज डकोजी, कमलिनी, कलाकार जतिन दास, पंडित भजन सोपोरी और गायिका रीता गांगुली का नाम शामिल है।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma